## संक्षिप्त समाचार

### पन्नालाल जी गौड़ की स्मृति में 5 रुपए मूल्य के माय स्टैंप डाक टिकट जारी





विनय उजाला

**शिवपुरी, निप्र।** जिले के प्रसिद्ध शिक्षक रहें स्वर्गीय श्री पन्नालाल जी गौड़ की स्मृति में 5 रुपए मूल्य के माय स्टैंप डाक टिकट जिले के कलेक्टर रवीन्द्र चौधरी, पोहरी के विधायक कैलाश चौधरी, शिवपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष गायत्री शर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम द्वारा जारी किया व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके पुत्र प्रदीप शर्मा (डीवीजनल इंजिनीयर, री. एमपीईबी), राजेश दुबे (बाबा) ग्वालियर, ईशू पंडित, काजल, तेजन दीक्षित, डॉ. चेतना व सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट तनुज दीक्षित विशेष रूप से मौजूद रहे।

### मध्यप्रदेश में 4 हजार मेगावॉट क्षमता के लिए कोयला मंत्रालय समिति

**भोपाल, निप्र।** कोयला मंत्रालय की स्टेंडिंग लिंकेज समिति (लांग टर्म) आगामी सप्ताह में मध्यप्रदेश के लिये 4 हजार मेगावॉट की थर्मल पॉवर कैपेसिटी के लिये दीर्घकालिक कोयला लिंकेज के लिये विद्युत मंत्रालय की सिफारिश की समीक्षा करेगी। मध्यप्रदेश में कोयला भण्डार की खपत वर्ष 2029-30 तक अनुमानित है। विद्युत मंत्रालय द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार राज्य को दीर्घकालिक ऊर्जा की आवश्यकता है। इसके लिये एसएलसी (एलटी) की बैठक आगामी 26 नवम्बर, 2024 को प्रस्तावित है। विद्युत मंत्रालय ने जुलाई-2024 को मध्यप्रदेश को शक्ति नीति के तहत दीर्घकालिक कोयला लिंकेज प्रदान करने की सिफारिश की थी, जिससे 4 हजार मेगावॉट की कोल-आधारित पॉवर क्षमता के लिये कोयला का आवंटन किया जा सके और देश में कोयला आधारित क्षमता के लिये आवश्यक विस्तार को पूरा किया जा सके। बैठक में इस सिफारिश की समीक्षा की जायेगी।

### पराली के प्रबंधन की कला अपना ली है मिलावली के किसानों ने

**भोपाल, निप्र।** ग्वालियर संभाग के आयुक्त श्री मनोज खत्री ने बुधवार को मिलावली गाँव पहुँचकर किसानों का गुलदस्तों से स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। यहाँ के किसान संभाग के सभी किसानों के लिये उदाहरण बने हैं। जो किसान पराली व फसल के अन्य अवशेष जलाकर अपने खेतों एवं पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं, वे ग्वालियर जिले के मिलावली गाँव के जागरूक किसानों से सीख लेकर अपना एवं पर्यावरण का भला कर सकते हैं। यहाँ के किसानों ने सुपर सीडर के जरिए पराली, नरवाई व फसलों के अन्य प्रकार के अवशेषों का प्रबंधन कर पराली जलाने से तौबा कर ली है। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने कृषि अभियांत्रिकी एवं किसान कल्याण व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदानी अमले के माध्यम से गाँव-गाँव में सुपर सीडर के बारे में प्रचार-प्रसार करें, जिससे पराली जलाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लग सके। उन्होंने कहा किसानों को यह भी बताएं कि सुपर सीडर के लिये सरकार द्वारा बड़ा अनुदान दिया जाता है। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने ग्राम मिलावली के जागरूक किसान श्री अमृतलाल के धान के खेत पर पहुँचकर सुपर सीडर से नरवाई प्रबंधन के साथ गेहूँ की बोवनी देखी। अमृतलाल धान कटाई के बाद खेत में सुपर सीडर के जरिए सीधे ही गेहूँ की बोवनी कर रहे हैं। सुपर सीडर से बोवनी करने से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए अमृतलाल बोले कि धान की कटाई के बाद नरवाई जलाने से गेहूँ की बोवाई समय पर नहीं हो पाती।

# योजना के परिणामों का मैदानी स्तर पर हो मूल्यांकन : राज्यपाल पटेल

## राज्यपाल द्वारा जनजातीय कार्य, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष योजनाओं की समीक्षा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि व्यक्तिगत और सामुदायिक योजना के परिणामों का मूल्यांकन मैदानी स्तर पर किया जाए। वंचित और छूट रहें व्यक्तियों और क्षेत्रों तक विकास की योजनाओं की पहुँच को सफलता का पैमाना माना जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजना को पहुँचाने के प्रयास किए जाने चाहिए। मॉनिटरिंग का भी यही लक्ष्य होना चाहिए।**

राज्यपाल श्री पटेल आज जनजातीय प्रकोष्ठ के द्वारा संयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का आयोजन दो सत्रों में किया गया था। प्रथम सत्र में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और आयुष विभाग की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार मौजूद थे। द्वितीय सत्र में जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं पर चर्चा की गई।

### जेनेटिक कार्ड वितरण में युवाओं को दें प्राथमिकता : राज्यपाल

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि स्क्रीनिंग के दौरान सिकल सेल प्रभावितों की अधिक संख्या वाले चिन्हित क्षेत्रों और 20 से 30 वर्ष की आयु समूह की स्क्रीनिंग के कार्य को व्यापकता प्रदान की जाए। जांच का कार्य तेज गति से किया जाए। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व और प्रसव के 72 घन्टों के भीतर जांच हो। इस संबंध में विभाग द्वारा कार्य योजना तैयार की जाना चाहिए। चिन्हित वाहक और रोगियों को प्राथमिकता के साथ जेनेटिक कार्ड उपलब्ध हो। रोगी और वाहक को तत्काल उचित औषधि उपलब्ध हो। वाहक और रोगी नियमित रूप से औषधि लें। इसकी मॉनिटरिंग बहुत जरूरी है। मॉनिटरिंग के लिए सामुदायिक जन जागृति के प्रयास आवश्यक हैं। जरूरी है कि घर-घर जाकर इस संबंध में सीधा संपर्क और संवाद कायम किया जाए। उन्होंने मैदानी अमले का संवेदीकरण कर, उनके माध्यम से जन जागरण के प्रयासों के लिए निर्देश दिए है।



### सिकल सेल उन्मूलन में आयुष की विभिन्न पद्धतियों का तुलनात्मक परीक्षण हो

राज्यपाल श्री पटेल ने आयुष विभाग की चर्चा के दौरान कहा कि सिकल सेल रोग प्रबंधन और उपचार में होम्योपैथी, आयुर्वेद और योग की भूमिका के संबंध में विभाग द्वारा किए जा रहे अनुसंधान का तुलनात्मक परीक्षण भी कराया जाए। पॉयलट जिलों की सभी तहसील के वाहक और रोगी अध्ययन में सम्मलित हो। इसकी सुनिश्चितता की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों को व्यापकता प्रदान करने में आयुर्वेद की संभावनाएं बहुत प्रबल हैं। इस दिशा में विशेष प्रयास किए जाने चाहिए।

### प्रसव पूर्व जाँच के प्रयासों को भी व्यापकता दी जाए : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज इंदौर के ट्रांसफ्यूज़न विभाग को केन्द्र सरकार द्वारा सेंटर ऑफ कॉम्पीटेंस घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल प्रभावितों को जेनेटिक कार्ड प्रदान करने के साथ ही प्रसव पूर्व जांच के प्रयासों को भी व्यापकता दी जाएगी।

### विकास का मूलाधार सबका साथ और विकास : राज्यपाल

बैठक के दूसरे सत्र में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विकसित भारत का मूलाधार सबका साथ और सबका विकास है। इसी के लिए सरकार की योजनाओं का निर्माण किया गया है। योजना की मंशा की सफलता क्रियान्वयन की दृष्टि और दिशा पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि सरकारी अमला सरकार के चालक है। अमला जितना सजग और सक्रिय होगा। सरकार भी उतनी ही गतिशील होगी। इसलिए आवश्यक है कि शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक का अमला योजना की मंशा के प्रति संवेदनशील हो। मॉनीटरिंग की प्रणाली धरातल पर छूट गए व्यक्तियों, क्षेत्रों को चिह्नित करने पर फोकस हो। प्रयास, ऐसे क्षेत्रों, समुदाय और व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक प्रावधान, संशोधन और नवाचार पर केन्द्रित होने चाहिए। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने जनजातीय कार्य विभाग की विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) और विभागीय योजनाओं पर चर्चा में कहा कि विभाग द्वारा पी.वी.टी.जी जिलों में नए जिले शामिल किये जाने चाहिए। पेसा ग्राम सभाओं के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने के लिए महाराष्ट्र राज्य के प्रावधानों का अध्ययन कर विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए। जनजातीय हितग्राहियों के लिए पीएचडी छात्रवृत्ति और विषय के कोटे को भी समाप्त किया जाना चाहिए।

### सिकल सेल के संबंध में महाविद्यालयों में चिकित्सक देगें जानकारी : आयुष मंत्री

आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय कर सिकल सेल जन जागृति के प्रयासों को विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि समस्त महाविद्यालयों में सिकल सेल के संबंध में चिकित्सकों के द्वारा जानकारी दिए जाने के लिए पीरियड निर्धारित कर विद्यार्थियों के माध्यम से जागरूकता प्रसार के प्रयास किए जाएंगे।

# खेल भावना जीवन में रखती है अहमियत : मंत्री सारंग

## नागरिकों के आतिथ्य सत्कार ने जीता खिलाड़ियों का दिल : मंत्री श्री सिंह

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि खेल हमें जीवन में हार और जीत को समान भाव से स्वीकारने और खेल भावना से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं।

किसी गांव, कस्बे, शहर की पहचान वहां के खेल, खिलाड़ी और मैदान से होती है। किसी खेल में कौन जीता, कौन हारा यह महत्वपूर्ण नहीं होता है, बल्कि खिलाड़ी खेल के मैदान में उतरा है, यह महत्वपूर्ण होता है। यह बात मंत्री श्री सारंग ने नरसिंहपुर के गाडरवारा के रूद्र मैदान में आयोजित राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कही। कार्यक्रम में परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी उपस्थित थे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कौन कितना बड़ा खिलाड़ी बनेगा, यह दावा तो मैं नहीं कर सकता, किंतु जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुआ है, वह उतना ही अच्छा नागरिक बनेगा, यह दावा कर सकता हूं। खेल हमें नियमों से चलना एवं मर्यादा का पालन करना सीखाते हैं। जीवन में भी खेल भावना अहमियत रखती है। नियम कानून की मर्यादा में रहते हुए कैसे धैर्य के साथ अपने विरोधी को परास्त किया जाता है, यही एक खिलाड़ी की पहचान होती है। गाडरवारा में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उच्चतम स्तर की खेल भावना का प्रदर्शन किया है। यह अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देता है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के खेलों को नई पहचान मिली है। खेलो इंडिया के माध्यम से देशभर में खेल की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास हुआ है। खेलों के उन्नयन के लिए प्रदेश सरकार ने भी अहम कदम उठाये हैं। खेलों के विस्तार के साथ-साथ खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय तकनीक एवं सुविधायें दी जा रही है। मध्यप्रदेश में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं से कई उत्कृष्ट खिलाड़ी मिलेंगे, जो आने वाले समय में भारत का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकेंगे। मंत्री श्री सारंग ने गाडरवारा शहर में स्टेडियम निर्माण किये जाने की घोषणा की। साथ ही गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 10 फिट इंडिया क्लब खोले जाने की भी स्वीकृति दी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मंगलवार रात्रि जब मैं भोजन शाला में जाकर खिलाड़ियों से मिला, तो खिलाड़ियों ने बताया कि उनकी इच्छा गाडरवारा घूमने की थी। ऑटो चालक ने उन्हें घुमाया और इसके बदले उसने पैसे नहीं लिये। मैं यह सुनकर काफी प्रसन्न हुआ। एथलीट यहां से अच्छी स्म्रतियॉ और राष्ट्रीय एकता की भावना लेकर लौंटेगें। उन्होंने गाडरवारा शहर में स्टेडियम निर्माण की बात भी मंच से खेल मंत्री श्री सारंग के समक्ष रखी। समाजसेवी श्री हंसराज मालपानी द्वारा विजेता खिलाड़ियों को गाडरवारा की सुप्रसिद्ध दाल भेंट की गई।




### कबड्डी प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग में हरियाणा ने मारी बाजी

बालक एवं बालिका वर्ग में चैम्पियन टीमों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित। पांच दिवसीय 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम दिन बुधवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच में बालक एवं बालिकाओं की अलग- अलग टीमों ने अपना-अपना प्रदर्शन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता व उप विजेता राजस्थान रही। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान महाराष्ट्र की टीम ने प्राप्त किया। इसी तरह बालिका वर्ग में विजेता हरियाणा व उप विजेता तमिलनाडु की टीम रही। तृतीय स्थान उत्तरप्रदेश की टीम ने प्राप्त किया।

# सीएंडडी वेस्ट फेंकने वालों पर सख्ती से स्पाट फाइन किया जाए

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने बुधवार को शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों के अनुसार सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में कहीं भी कचरा जलाने की स्थिति निर्मित न हो और ऐसा होने पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निगम आयुक्त नारायन ने सी एंड डी. वेस्ट फेंकने वालों पर जुर्माना करने और उसे तत्काल उठवाने, ठेले एवं गुमठी वालों द्वारा गंदगी फैलाने पर सख्त स्पाट फाईन करने एवं डस्टबिन रखवाने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने कटारा हिल्स, बर्रई से बायपास मार्ग तक तथा 11 मील से मक्सी कटारा हिल्स पर जगह-जगह कचरे के ढेर, ग्रीन वेस्ट तथा सी एंड डी. वेस्ट होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जोन नोडल अधिकारी, वार्ड नोडल अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं दरोगा को नोटिस जारी करने और बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिए।

पश्चिम रेलवे

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/65/2024, दिनांक : 18.11.2024

| स.क्र. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 722 | ओवरहालिंग किट | 830 Set | 12-Dec-24 |
| 723 | ईपी रिले वाल्व के लिए रखरखाव किट का सेट | 260 Set | 13-Dec-24 |
| 724 | 24 फाइबर आर्मर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल | 80.1 KM | 16-Dec-24 |
| 725 | इक्वलाइज़र, लिंक और कम्पेनसेटिंग बीम का सेट। | 54 Set | 16-Dec-24 |
| 726 | माइक्रोप्रोसेसर आधारित इलेक्ट्रॉनिक स्पीड कम एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम | 42 Set | 16-Dec-24 |
| 727 | एक्सल बॉक्स असेंबली का सेट पूरा | 50 Set | 23-Dec-24 |

शुद्धिपत्र

कृपया टेंडर नोटिस संख्या एस/60/2024, सीरियल नंबर 59 पर, दिनांक 22.10.2024 के लिए नियत तिथि को '25-11-2024' के रूप में पढ़ें।

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं। 0751

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

# तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का सहज प्रदाय कर मध्यप्रदेश को बनाएंगे मेडिकल हब : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## जीएमसी भोपाल सफल गुर्दा प्रत्यारोपण पर चिकित्सकीय टीम को दी बधाई

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गांधी मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान भारत योजना के तहत सफल गुर्दा प्रत्यारोपण (किडनी ट्रांसप्लांट) के लिये पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफल प्रत्यारोपण प्रदेश में टर्शियरी हेल्थ केयर को नई दिशा देगा। मध्यप्रदेश को हेल्थकेयर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का सहज प्रदाय शासन की प्राथमिकता है।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से प्रदेश में गरीब और वंचित परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है। गंभीर बीमारियों का इलाज और महंगे ऑपरेशन अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भी संभव हो गए हैं। यह योजना न केवल बीमारियों के इलाज का साधन है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का एक मजबूत आधार भी है। डीन जीएमसी भोपाल डॉ. कविता सिंह ने बताया कि गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए मरीज, 49 वर्षीय श्री मनुज कुमार (परिवर्तित नाम), लंबे समय से किडनी रोग से पीड़ित थे। उन्हें 2 वर्ष पहले हाई ब्लड प्रेशर के इलाज के दौरान किडनी की आनुवांशिक बीमारी ADPKD (Adult Polycystic Kidney Disease) का पता चला था। 6 महीने पहले उन्हें डायलिसिस पर रखा गया। डीन डॉ. सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी श्रीमती कमला (परिवर्तित नाम) ने साहस दिखाते हुए अपनी एक किडनी दान कर उन्हें नया जीवन दिया। डीन डॉ. सिंह ने बताया कि प्रत्यारोपण में लैप्रोस्कोपिक पद्धति से सर्जरी की गई है। इस पद्धति से ऑपरेशन के कम असुविधा होती है और डोनर जल्दी स्वस्थ हो जाता है। यह सफल प्रत्यारोपण डीन डॉ. कविता सिंह और अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. आर.आर. बर्डे, प्रत्यारोपण सर्जन डॉ. सौरभ जैन (विभागाध्यक्ष, यूरोलॉजी), डॉ. अमित जैन, डॉ. समीर व्यास, डॉ. नरेंद्र कुर्मी, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. आर. पी. कौशल (विभागाध्यक्ष, निश्चेतना), डॉ. बृजेश कौशल, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. राजकुमार अहिरवार, डॉ. असीम, जूनियर डॉक्टर-डॉ. रंजीत, डॉ. सौरभ, डॉ. अजय, डॉ. स्कंद, डॉ. रोहित, डॉ. दुर्गेंद्र, डॉ. नेहा, डॉ. लीना, डॉ. अरविंद, डॉ. कीर्ति सहित नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल टीम ने किया।



### मेट्रो रेल परियोजना के संबंध में बैठक आयोजित

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** एडीएम सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में बुधवार को भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के तहत रूट में आने वाले अतिक्रमण हटाने, भूमि आवंटन, मुआवजा राशि वितरण आदि को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई।

बैठक में मेट्रो के अधिकारियों ने जिंसी चौराहा, ईरानी डेरा, भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 के पास अतिक्रमण हटाने की योजना पर चर्चा की। बैठक में सिंधी कॉलोनी के पास भूमि आवंटन और प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा राशि वितरण के कार्यों पर सहमति बनी। साथ ही, बैरागढ़ चिकलोद क्षेत्र में ब्लू लाइन मेट्रो के लिए सर्वेक्षण कार्य आगामी सोमवार से शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए एडीएम ने संबंधित अधिकारियों एसडीएम बैरागढ़ आदित्य जैन और एसडीएम शहर दीपक पांडे को कार्यों के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी है।

पश्चिम रेलवे

सार्वजनिक अधिसूचना

ए.सी. 25 के.वी. कर्षण को चालू करना

(सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी)

रेल्वे लाइनो और परिसरों के सभी उपभोक्ता को एतदद्वारा सूचना दी जाती हैं कि रेल्वे के निम्नलिखित खंड पर 25000 Volts, 50 हर्ट्ज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट दिनांक को या उक्त तिथि के बाद उर्जित किया जाएगा। उक्त दिनांक पर और उस दिनांक से शिरोपरि कर्षण लाइन को हर समय विद्युन्मय माना जाएगा और अनाधिकृत व्यक्ति को उस शिरोपरि लाइन के समीप में दाखिल होने या कार्य नहीं करने दिया जाएगा।

| खंड | लोकेशन | | दिनांक |
|---|---|---|---|
| | से | तक | |
| नीमच-रतलाम खंड के मध्य | हरकियाखाल किमी-253/26, (चैनेज:877) | मल्हारगढ़ किमी-268/02, (चैनेज:022.5) | 10/12/2024 |

जन साधारण को सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पश्चिम रेल्वे के रतलाम मण्डल में नीमच-रतलाम खंड के मध्य हरकियाखाल किमी-253/26, (चैनेज:877) से मल्हारगढ़ किमी - 268/02, (चैनेज:022.5) में स्थित ए.सी. 25 के.वी. विद्युत कर्षण को चालू करने के लिए सभी राजपरो पर सड़क सतह से 4.78 मी. को स्पष्ट उचाई पर उचाई गैजे लगाई गई है ताकि बहुत अधिक उचाई वाले लोड़ को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सं संपर्क में आने से रोका जा सके।

जन साधारण को एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट उचाई का पालन करे और यह देखे कि सड़क वाहन से ढोए जा रहे किसी भी स्थिति में उचाई गेजों का अतिलघन न करे।

अत्यधिक उचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है:

(१) उचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरुप सड़क और रेल्वे लाइन पर बाधा।

(२) वाहन पर ले जाए जा रही सामग्रियों या उपकार को खतरा।

(३) चालकों का खतरनाक समीपता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन की हानि का खतरा। 0755

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फोलो करें: x.com/WesternRly

### नूरी खान को मिली बड़ी जिम्मेदारी, मप्र महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**भोपाल, निप्र।** उज्जैन में कांग्रेस नेत्री नूरी खान को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस ने नूरी खान को मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही उन्हें सदस्यता अभियान प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने उनकी नियुक्ति की है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने बुधवार को भेजे पत्र में लिखा कि मध्य प्रदेश राज्य से महिला कांग्रेस सदस्यता अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए बधाई। आपको मध्य प्रदेश राज्य में महिला कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष और सदस्यता अभियान का प्रभारी नियुक्त किया जाता है। जिम्मेदारी मिलने के बाद नूरी खान ने एक्स पर ट्वीट किया है। उन्होंने कहा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी की दिल से आभारी हूं। आपकी कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। बता दें कि नूरी खान पार्टी से नाराज चल रही थी।

### ग्लोबल स्किल्स पार्क में गुरुवार को होगा 'आयशर जीएसपी टॉक्स' का आयोजन

**भोपाल, निप्र।** संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क (एसएसआर जीएसपी) में 21 नवंबर, गुरुवार को 'आयशर जीएसपी टॉक्स' का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष सत्र में वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड (वोल्वो ग्रुप और ईशर मोटर्स का संयुक्त उपक्रम) के प्रमुख मानव संसाधन अधिकारी डॉ. पार्थसारथी बसु मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। जनसंपर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम ग्लोबल स्किल्स पार्क के मुख्य ऑडिटोरियम में शाम 4-30 बजे होगी। सत्र का उद्देश्य छात्रों को मानव संसाधन प्रबंधन और उद्योग जगत की नवीनतम रणनीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी देना है। उन्?होंने बताया कि इस सत्र का लाभ लेने के लिए इच्छुक छात्र-छात्राओं को पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है, और अधिक जानकारी के लिए 9981919733 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय थाना प्रभारी थाना शाहजहानाबाद नगरीय पुलिस भोपाल

क्र/थाप्रा/शाह.बाद/भो/डी:-गुम इंसान क्रं.62/2024 दि:-18/11/2024



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना शाहजहानाबाद भोपाल के गुम इंसान क्रं. 62/24 गुमशुदा जगजीत सिंह मारवाह पति स्व. दलजीत सिंह मारवाह उम्र 30 साल निवासी म.नं. ए309 कृषणाचंल काम्पलेक्स नियर केम्ब्रिज स्कूल परी बाजार थाना शाहजहांनाबाद भोपाल का दिनांक 16/11/2024 के दोपहर करीबन 08.00 बजे घर से काम का कहकर जो आज तक वापस नहीं जिसका हुलिया रंग गोरा, चेहरा गोल, कद 5 फिट 5 इंच, बदन सामान्य, शर्ट पेन्ट नीले रंग के पहने है व दाडी मूंछे है, जिसका आज दिनांक तक कोई पता नहीं चला। अगर किसी भी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल सूचित करें।

थाना शाहजहानाबाद मो.नं. 9479990579

जांचकर्ता प्र.आर. 2496, रामबकस के मो.नं. 7587601784

जी-19167/24

थाना प्रभारी
थाना शाहजहानाबाद भोपाल

FOR SALE

MP 41 ZG 0863
TRACTOR - New Holland
(3600-2 2WD)
MODEL - 2023
CHASSIS No.-
NHN36020Z PE 655284
ENG NO.- 406599DX

सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
फर्स्ट फ्लोर, मकान नंबर-131, वार्ड नंबर-12
नेमावर रोड, बागड़ी कॉम्पलेक्स, खातेगांव (जिला-देवास) म.प्र.
MOB - 9109144372, 9109107965

## संक्षिप्त समाचार

### मेडिकल कॉलेज हेतु नागरिक भी रहे प्रयासरत

**उज्जैन, निप्र।** शहर को शासकीय मेडिकल कॉलेज दिलाने में जहाँ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महत्वपूर्ण निर्णय लेकर इतिहास रचा है, वहीं शहर के नागरिकों ने भी उज्जैन में शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए लगातार पत्र व्यवहार कर इस मांग को जिंदा बनाए रखा। सरल काव्यांजलि के राजेन्द्र देवधरे ने बताया कि संस्था के सन्तोष सुपेकर ने उज्जैन में शासकीय मेडिकल कालेज की सुविधा के लिए पिछले दस वर्षों में लगभग चालीस पत्र विभिन्न जवाबदारों, संबंधितों और अधिकारियों को लिखे हैं, उन्होंने इस हेतु अनेक प्रभावी व्यक्तित्वों से भी संपर्क किया है। संस्था के ही डॉ.संजय नागर और संतोष सुपेकर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उज्जैन में मेडिकल कॉलेज की जल्द स्थापना हेतु अपने रक्त से भी पत्र लिखे हैं।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सोनू गेहलोत का स्वागत

**उज्जैन, निप्र।** बिलासपुर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से मलखंभ फेडरेशन ऑफ इंडिया का अध्यक्ष मनोनीत होने पर संस्था सरल काव्यांजलि के डॉ. संजय नागर और संतोष सुपेकर ने पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गेहलोत का स्वागत किया तथा उम्मीद व्यक्त की कि उज्जैन अब मलखम्भ में और तेजी से आगे बढ़ेगा। जानकारी संस्था सचिव मानसिंह %शरद ने दी।

### मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन को सफल बनाने हेतु बैठक



**उज्जैन, निप्र।** आज प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के करकमलों से वर्षों पुरानी उज्जैन वासियों की मांग पूरी होने वाली है। यह एक ऐतिहासिक सौगात है जो उज्जैन वालो को मिलने जा रही है। आज दोपहर 2:00 बजे उज्जैन मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन होगा जिसको सफल बनाने के लिए स्वर्णिम भारत मंच के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसे उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन ने संबोधित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भूमि पूजन कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर जैन ने कहा कि जन-जन में उज्जैन में हो रहे हैं विकास कार्यों को प्रचार-प्रसार का भी हमे करना चाहिए। स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्णिम भारत मंच के कार्यकर्ताओं की यह एक महत्वपूर्ण बैठक उज्जैन मेडिकल कॉलेज की भूमि पूजन आयोजन को सफल बनाने को लेकर बीमा अस्पताल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगरा रोड उज्जैन पर रखी गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में मंच के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### नगर की समस्याओं को दूर करने की मांग की

**नागदा जं. निप्र।** नगर की ख़स्ताहाल सड़को, गंदगी के अंबार से त्रस्त नगरवासीयों को आ रही परेशानियों से निजात दिलाने हेतु समाजसेवी रमेशचन्द्र राठी ने नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ओ पी गेहलोत को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर के एक नागरिक की हैसियत से नगर की हालत से स्वयं गेहलोत भी रूबरू है। गेहलोत द्वारा कार्यभार संभालने के दौरान अपने कार्यकाल में नगर को सुंदर स्वच्छ नगर बनाने का वादा करने से हम सभी नगरवासी प्रसन्न हुवे थे। लेकिन आज नगर की स्थिति की देखकर हम सभी को दुःख हो रहा है कि हमारे सपनों के शहर जहां गंदगी, सड़कों पर गड्ढों, धूल से आम जनता अत्यधिक त्रस्त दिखाई दे रही है। राठी ने पत्र में बताया कि नपा पार्षदगण भी अपनी जवाबदेही से दूर है। आरओ जल का वितरण, पानी का प्रेशर जिसका तीसरी मंज़िल तक पहुँचाने का वादा नगर परिषद के चुनाव के वक्त दिया गया वादा खोखला साबित हो रहा है। प्रकाशनगर (फ़ातिमा कॉन्वेंट स्कूल रोड) पर जहां शराब की दुकान थी अब वहाँ ट्रेंचिंग ग्राउंड बना दिया गया है। जिससे नगर एवं प्रकाश नगर में मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू, चिकंगुनियाँ के चलते रहवासी बीमारी से ग्रसित है एवं मच्छरों का प्रकोप से परेशान है। राठी ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि नगर की जनता को गंदगी, खस्ताहाल सड़को, क्षतिग्रस्त नालियों, खराब पेयजल, खराब यातायात व्यवस्था एवं अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाये।

### नगर आगमन पर राजपूत समाज ने किया संत श्री का स्वागत



**उज्जैन, निप्र।** राजपूत हितकारिणी सभा के अध्यक्ष संत श्री कृपाल सिंह जी के उज्जैन आगमन पर राजपूत समाज के वरिष्ठ जनों ने स्वागत करते हुए उनसे चर्चा की। समाज के वरिष्ठ जनों ने अनुरोध किया कि समाज के लिए मिली हितकारिणी सभा की भूमि पर समाज के बच्चों के लिए हॉस्टल स्कूल एवं धर्मशाला का निर्माण करवाया जाए ताकि इसका लाभ मिल सके। जमीन को मिले 6 वर्ष से अधिक हो गए हैं लेकिन अभी तक कोई कार्य योजना नहीं बनी है। क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर सिंह भदोरिया ने बताया कि इस अवसर पर डॉक्टर राम अवतार सिंह कुशवाह, सुरेन्द्र सिंह तोमर, दिनेश प्रताप सिंह बैस,अंगद सिंह भदौरिया,नरेश सिंह भदौरिया, भारत सिंह भदौरिया, राजेश सिंह भदौरिया बंटी, राजवीर सिंह तोमर, राणाप्रताप सिंह तोमर, रघुवीर सिंह बैस, मुनेंद्र सिंह कुशवाह, सुंदर सिंह भदौरिया, पुंडीर जी, धर्मेंद्र सिंह परिहार राजेश सिंह भदौरिया , रामकिशन सिंह भदौरिया, प्रदीप सिंह सिकरवार, पंकज सिंह कुशवाह, सुरेन्द्र सिंह भदौरिया,बलवीर सिंह पंवार अजय सिंह भदौरिया सहित कई राजपूत सरदार उपस्थित रहे।

### पुलिस थाने की जमीन पर खुलेआम हो रहा है अतिक्रमण

**नागदा जं. निप्र।** शहर के कुछ लोग पुलिस थाना परिसर में धार्मिक स्थल के नाम पर अतिक्रमण कर रहे है। यह सब कार्य पुलिस के अधिकारियों की आंखो के सामने हो रहा है। लेकिन फिर भी पुलिस अधिकारी इस काम को रूकवा नहीं पा रहे। इस निर्माण कार्य की शिकायत करने के बाद भी किसी भी अधिकारी ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की है। जिससे ऐसा मालूम पड़ता है कि कहीं ना कहीं कुछ पुलिसकर्मी भी इसमें शामिल है। इस निर्माण के नाम पर बाजार में चंदा वसूली भी की जा रही है। इसको लेकर एसपी, डीजीपी, सीएसपी को भी शिकायत की गई है। संघर्ष समिति के दयाराम ने बताया कि थाना परिसर के अंदर कुछ लोग अपने वाहन खड़ा करने व अपना कार्यालय बनाने के हिसाब से एक भवन बना रहे है। जबकि नियम के तहत पुलिस थाना परिसर में कोई निर्माण कार्य नहीं हो सकता है। पूर्व में भी थाने की जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसकी शिकायत कई बार की गई है लेकिन पुलिस कोई ध्यान नहीं दे रही है। यदि प्रशासन ने इस निर्माण कार्य को तुरंत नहीं रोका तो भविष्य में आने वाले समय में अन्य समाज के लोग भी वहां पर निर्माण कार्य करेंगे। समिति पुलिस व प्रशासन से मांग करती है कि निर्माण कार्य रोककर मंदिर पर ताला हटवाए। ताकि वहां पर अन्य लोग आ जा सके। यह मांग समिति के दयाराम मांगीलाल ने की है।

# स्वस्तिवाचन और शंखनाद की ध्वनि के साथ शुभमुहूर्त में होगा मेडिसिटी का भूमिपूजन

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव टॉवर चौक पर भारत रत्न डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज दोपहर 02:55 पर प्रदेश के पहली मेडिसिटी चिकित्सा महाविद्यालय का जिला चिकित्सालय परिसर में स्वस्तिवाचन और शंखनाद की ध्वनि के साथ शुभमुहूर्त में भूमिपूजन करेंगे।

भूमिपूजन उपरांत जिला चिकित्सालय परिसर के सामने स्थित सामाजिक न्याय परिसर में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव का सामाजिक न्याय परिसर कार्यक्रम में जिले को मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात देने पर नागरिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ.यादव कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों पर पुष्प वर्षा करेंगे एवं शासन की योजनाओं का लाभ पाने वाले हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उज्जैन आगमन पश्चात आज दोपहर 02:45 बजे सर्वप्रथम श्री महामृत्युंजय द्वार के समीप श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव अंतर्गत मीथिला नेपाल में वितरण करने हेतु अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट को श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह लड्डू प्रसाद उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मेडिसिटी चिकित्सा महाविद्यालय कार्यक्रम के बाद दोपहर 04:05 बजे टॉवर चौक पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उक्त प्रतिमा का निर्माण 12.50 लाख रूपये की लागत से हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव के निर्देश पर प्रतिमा की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं एवं प्रतिमा के आसपास के स्थल का सौंदर्यीकरण एवं विद्युत साज सज्जा की गई है।

कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, सतीश मालवीय, जितेन्द्र सिंह पंड्या, डॉ.तेजबहादुर सिंह चौहान, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, आईएमए सदस्य, डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ, नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, शासकीय योजनाओं के लाभार्थी, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।




### मेडिसिटी में यह रहेगी सुविधा

यह मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज प्रदेश की पहली मेडिसिटी होगी। यह 14.97 एकड़ में 592.3 करोड़ रूपये की निर्माण लागत से बनेगा। मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में 6 हाईराइज टॉवर होंगे। टीचिंग हॉस्पीटल का भवन 9 मंजिला होगा जिसमें बेसमेंट भी शामिल है। मेडिकल कॉलेज का भवन 8 मंजिला होगा इसमें भी बेसमेंट बनाया जाएगा। नर्सेस होस्टल, आरडीएच ब्लॉक व यूजी इंटर्न गर्ल्स होस्टल के भवन 14 मंजिला होंगे। वहीं यूजी इंटर्न बॉइस होस्टल का भवन 11 मंजिला होगा। मेडिसिटी चिकित्सा महाविद्यालय सम्पूर्ण रूप से दक्ष होगा इसमें रिसर्च एंड डवलपमेंट की सभी सुविधाएँ होंगी। इस महाविद्यालय में 550 बेड की क्षमता का अस्पताल होगा तथा इसमें 150 मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्रदान की जाएगी। महाविद्यालय में 380 क्षमता का नर्सिंग होस्टल, यूजी इन्टर्न गर्ल्स व बोइस होस्टल, सर्विस ब्लॉक, लाईब्रेरी, पार्किंग, जिमनेशियम, फुटओवर ब्रीज की सुविधाओं से सम्पन्न होगा। मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज के भवन में उर्जा दक्षता, फायर सेफ्टी, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, सोलर पॉवर, इलेक्ट्रिसिटी बेकअप, सिवरेज ट्रीटमेंट प्लाँट आदि आधुनिक तकनीकिओं का उपयोग होगा।



### भूमिपूजन कार्यक्रम स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज मेडिसिटी मेडिकल महाविद्यालय का भूमिपूजन करेंगे। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को भूमिपूजन कार्यक्रम स्थल,सामाजिक न्याय परिसर एवं टॉवर चौक के समीप भारत रत्न डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम के दौरान पार्किंग व्यवस्था हिरामिल कम्पाउण्ड पर रखने को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने नागरिक अभिनंदन पत्र, दिव्यांगजन की सुविधा के लिए रेम्प, मीडिया व गणमान्य नागरिकों की बैठक व्यवस्था सुव्यवस्थित रूप से करने, साउण्ड सिस्टम व प्रकाश की व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सा के लिए अस्थाई अस्पताल, सुरक्षा, बेरिकेडिंग, डॉक्टर व चिकित्साकर्मियों की बैठक व्यवस्था, परिसर की साफ सफाई आदि व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# पुलिस की पाठशाला : ट्रैफिक के नियमों का पालन नहीं करने वाला अपने ही नहीं दूसरों के जीवन को भी खतरा बन सकता है : थाना प्रभारी राजपूत

विनय उजाला

**खातेगांव, निप्र।** सड़क पर चलते समय हमें सतर्क रहना चाहिए। नियमों का पालन नहीं करने वाला अपने ही नहीं दूसरों के जीवन को भी खतरा बन सकता है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अब पहले से सख्त हो गई है। यह बात सतवास थाना प्रभारी आशीष राजपूत ने कैलाश जोशी शासकीय महाविद्यालय में छात्रों की पाठशाला के दौरान कहीं आपने कहा कि इसके लिए एक्ट में संशोधन करते हुए कड़े प्रावधान किए गए हैं। श्री राजपुत ने कहा कि विद्यार्थी अपनी सुरक्षा पर खुद ध्यान दें। यातायात नियमों की पालना करें। इसके अलावा सोशल मीडिया पर अपनी हर जानकारी सेल्फी या वीडियो पर अंधाधुंध न डालें। गैर जरूरी वीडियो न बनाएं। इनका गलत प्रयोग हो सकता है। अपने मोबाइल में वह चीजें न रखें, जो नहीं होनी चाहिए। इससे आप बेवजह मुश्किल में पड़ सकते हैं। ऐसे में मामले पुलिस के पास आ रहे हैं। कोई पीछा करता है। कॉल करता है या आप किसी खतरे या मुश्किल में हों तो तुरंत हमें बताएं। हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क करें, ताकि समय रहते बचाव किया जा सके। आपने यह भी कहा कि यातायात नियम सभी के लिए हैं। जीवन मूल्यवान है। इसकी सुरक्षा के लिए ही इन्हें बनाया गया है। इसके लिए सड़कों पर लगाए गए संकेतों पर ध्यान दें। इनकी पालना करें। कोहरे में सफेद पट्टी व रिफ्लेक्टर का प्रयोग करें। हेलमेट जरूर लगाएं। परिवार के सदस्यों को भी इस बारे में बताएं। इसलिए 18 वर्ष से पहले बगैर लाइसेंस वाहन न चलाएं। आपने कहा की यातायात नियमों की जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि नियमों की जानकारी होने से हादसे से बचा जा सकता है।



### साहित्य वही है जिसमें संवेदना है : बी.एल. आच्छा



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** बैंकर्स साहित्यिक संस्था प्राची के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार बी. एल . आच्छा का संस्था की ओर से सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में श्री आच्छा ने कहा कि साहित्य वही है जो जनता जनार्दन का न्यायोचित दर्द बखूबी बयां करे। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रसिद्ध लघु कथाकार संतोष सुपेकर ने करते हुए अपनी लघुकथा डीकोड का वाचन किया। संस्था के वाइस चेयरमैन दिलीप जैन, कवि निखिल शुक्ला, श्रीमती वंदना गुप्ता, सुगनचंद्र जैन, आशीष श्रीवास्तव अश्क' मानसिंह शरद गोपाल कृष्ण निगम, प्रांजल मांदलिया ने काव्य पाठ तथा शांतिलाल जैन ने व्यंगपाठ किया। इस अवसर पर कॉमरेड यू एस छाबड़ा ,रविंद्र जेठवा,प्रदीप माहेश्वरी, दिनेश रावल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि नरसिंह ईनानी ने किया।आभार अखिलेश शर्मा ने माना।

### शराब ठेकेदार का सेल्समेन डेढ़ लाख रुपए लेकर फरार

**नागदा जंक्शन।** पाड़ल्यारोड़ पर स्थित शराब दूकान का सेल्समेन डेढ़ लाख रुपए की राशि लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शराब ठेकेदार के कर्मचारी की शिकायत पर फरार हुए व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया। पाड़ल्यारोड़ पर स्थित शराब दूकान पर विजयपालसिंह नाम के व्यक्ति सेल्समेन का काम करता था, 19 नवंबर की दोपहर लगभग ढ़ाई बजे विजयपाल शराब दूकान की शटर गिराकर चला गया। जब सहायक सेल्समेन कौशलपाल दूकान पर लौटा तो दूकान की शटर गिरी थी, कौशल ने विजय को मोबाईल किया तो उसने कहा कि मैं चप्पल पहनने के लिए बाजार आया हु, जब काफी देर तक विजय नहीं लौटा तो कौशल ने शराब बिक्री का स्टॉक और गल्ले की सिल्लक की गिनती कि तो लगभग डेढ़ लाख रुपए नहीं मिले। कौशल के अनुसार प्रतिदिन दोपहर में सिल्लक मैनेजर भुपेंद्र जायसवाल को जमा कराना होती है, लेकिन विजय ने ऐसा नहीं किय और दूकान की सिल्लक लेकर फरार हो गया। जायसवाल की शिकायत पुलिस ने विजय के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# केमिकल उद्योग के पारदी गेट पर धरना प्रदर्शन

विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** ग्रामीणों की समस्या को लेकर पूर्व पार्षद यादव एवं सरपंच बिलवाडिया के नेतृत्व में बुधवार को केमिकल उद्योग के पारदी गेट पर धरना प्रदर्शन किया। लगभग एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान उद्योग के अधिकारियों ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाने, पेयजल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया इसके बाद प्रदर्शन स्थगित हुआ।

मेरे सरपंच बनने के बाद गांव में ढाई वर्ष की समय अवधि में एक भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों को बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है बेरोजगारी का सामने करने वाले ग्रामीणों को निजी खर्च से उपचार करने पर विवश होना पड़ रहा है। यह बात सरपंच मंजु मुकेश बिलवाडिया ने बुधवार को केमिकल उद्योग के पारदी गेट पर धरना प्रदर्शन के दौरान कहीं।

पूर्व पार्षद मुकेश यादव ने बताया कि गांव में शुद्ध पेयजल के लिए टंकी का निर्माण पंचायत के माध्यम से हो गया, लेकिन पाईप लाईन के अभाव में आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है, लगभग ढाई वर्ष से ग्रामीणजन उद्योग से पाईप लाईन डालने की गुहार लगा रहे है परिणाम शून्य रहा। बुधवार को ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर, शुद्ध पेयजल, उद्योग गेट से गांव तक सडक़ निर्माण और गांव के बेरोजगार युवकों को उद्योग में ठेकेदारी में कार्ड बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अरुण साहु, सागर खड्डा के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। इस दौरान टीआई पिंकी आकाश, एसआई आनंद सोनी, प्रधान आरक्षक जितेंद्र चौहान, जितेंद्रसिंह सेंगर, आरक्षक अर्जुन सोलंकी आदि मौके पर मौजूद रहे। लगभग एक घंटे के प्रदर्शन के बाद ग्रामीण विकास विभाग के अजय नागर, टाईम आफिसर महेश गर्ग ने पूर्व पार्षद यादव, सरपंच पति मुकेश बिलवाडिया से पारदी गेट पर पहुंचकर चर्चा की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो जाएगा, पाईप लाईन सहित अन्य मांगों के लिए प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करना होगी। इसके बाद आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन को स्थगित कर दिया। इस दौरान विरेंद्रसिंह यादव, जितेंद्र बिलवाडिया, चैनसिंह पंवार, करण, राधे, लक्ष्मण सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई



**उज्जैन, निप्र।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने प्रियदर्शनी चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा देश में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। शहर कांग्रेस प्रवक्ता लालचंद भारती एवं माधव नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश मरमट ने बताया कि जयंती अवसर पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद सत्यनारायण पवार,वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी पूर्व अध्यक्ष अनंत नारायण मीणा पार्षद छोटेलाल मंडलोई राजेंद्र गब्बर कुवाल पूर्व पार्षद जितेंद्र तिलकर सुनील कछवा य नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय जीवाजी गंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक शर्मा लाला बाबूलाल गोठवाल मनोहर चावंड बिहारी लाल निर्मल अजय छाबड़ा वीरेंद्र गौसर अजय राठौर शानू खान असलम खान हुकमा पहलवान राजेश मेहर सतीश टटवाल सुशील गोधा आदि मौजूद रहे।



**उज्जैन, निप्र।** ओडिसा के जगन्नाथ पुरी से सांसद संबित पात्रा ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुँचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये। पूजन अजय शर्मा, पुजारी प्रदीप गुरु व पुजारी यश शर्मा ने सम्पन्न करवाया। इस दौरान मंदिर समिति के अभिषेक शर्मा, भाजपा नेता सचिन सक्सेना आदि उपस्थित थे।

### ऑपरेशन संकल्प के तहत देवास पुलिस की एक और बड़ी सफलता

# बलात्संग के मामले में आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारवास व अर्थदण्ड से दण्डित किया

अनिल उपाध्याय

**खातेगांव। देवास पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में ऑपरेशन संकल्प की शुरुआत की गई हैं, जिसके अंतर्गत पुलिस विवेचना को अधिक से अधिक पेशेवर एंव वैज्ञानिक बनाकर समयावधि में अभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश करने पर जोर दिया जा रहा हैं।**

साथ ही न्यायालय द्वारा विचारण के दौरान जारी समस्त आदेशिकाओं समंन एंव वारंट की प्राथमिकता से तामिली करवाई जा रही हैं ताकि गंभीर प्रकरणों में जल्द से जल्द न्यायालयीन निर्णय प्राप्त कर पीड़ित को न्याय दिलाया जा सके। गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि होने पर स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण के विवेचक,पैरवीकर्ता एवं संपूर्ण टीम को पुरस्कृत किया जा रहा हैं जिसके चलते पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ा हैं एवं लगातार गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि प्राप्त करने में देवास पुलिस सफल रहीं हैं ।

इसी तारतम्य में ऑपरेशन संकल्प के तहत 20.05.2021 को थाना खातेगांव पर आरोपी यश पिता संजय शर्मा उम्र 21 साल निवासी 2/20 बड़ा बाजार राऊ जिला इन्दौर फरियादिया की नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले गया रिपोर्ट पर थाना खातेगांव पर अपराध क्रमांक 292/2021 दिनांक 20.05.2021 धारा 363,366,376(2)(ढ) भादवि एवं 5ऊ6 पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक विनय बघेल के द्वारा की जाकर दिनांक 01.06.2021 को गिरफ्तार किया गया । प्रकरण की विवेचना पूर्ण होने पर चालान क्रमांक 319/2021 दिनांक 17.06.2021 को तैयार किया गया। दिनांक 26.08.2021 को प्रकरण का चालान माननीय जेएमएफसी न्यायालय देवास पेश किया गया। बाद प्रकरण कमीट होकर माननीय न्यायालय देवास विचाराधीन रहा ।




प्रकरण के माननीय न्यायालय में विचारण के दौरान न्यायालय द्वारा जारी समस्त आदेशिकाओं की तामीली समय से कराई गई। विवेचक की उत्कृष्ट विवेचना के फलस्वरूप उक्त प्रकरण में माननीय विशेष न्यायाधीश श्री सुशील कुमार अग्रवाल खातेगांव द्वारा आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 9000/- हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अमित दुबे अभियोजन अधिकारी ने पीड़िता की ओर से की पैरवी।

उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा ऑपरेशन संकल्प के तहत 1 नवम्बर 2024 से आज दिनांक तक हत्या 16,हत्या प्रयास 09,दुष्कर्म 08,छेड़खानी 14 एवं आबकारी के 01 प्रकरणों में माननीय न्यायालय ने किया दण्डित।

पुलिस अधीक्षक ने उल्लेखनीय कार्य करने वाली समस्त टीम को प्रशंसित करते हुए आगामी प्रकरणों में और अधिक दक्षता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

